तापमान
अधिकतम 34 .1 डिग्री
न्यूनतम 12 .8 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, रविवार, 23 मार्च 2025

12 वार्षिक उत्सव में छात्रों ने जमकर मचाया धमाल

12 पानी के महत्व व संरक्षण को लेकर छात्रों को किया जागरूक

खबर संक्षेप

दूसरी मंजिल से मजदूर गिरा, अस्पताल में मौत

यमुनानगर। मॉडल कॉलोनी में बिल्डिंग के कंस्ट्रक्शन का काम करते हुए एक मजदूर दूसरी मंजिल से नीचे गिर गया। गंभीर हालत में उसे पीजीआई ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने ठेकेदार पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। महादेव कॉलोनी निवासी शिल्पा ने पुलिस को बताया कि उसका भाई अंकुश उर्फ शुभम संजय बक्शी ठेकेदार के पास मजदूरी का काम करता था। संजय ने इन दिनों मॉडल कॉलोनी में बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन का काम लिया हुआ था। जहां पर उसका भाई अंकुश भी काम कर रहा था।

दुकान पर तीन बदमाशों ने की लूट की वारदात

मुलाना। बुड़ियो रोड पर स्थित एमएम कॉनफेटी नामक परचून की दुकान पर तीन बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। एक बदमाश ने दुकानदार को पकड़ा तो दूसरे ने गल्ले में रखे 35 से 40 हजार रुपये लूटे और तीसरा मोटरसाइकिल पर सवार था। तीनों वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। दुकानदार रोहित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

ब्लैकमेल कर युवती के साथ दुष्कर्म का आरोप

यमुनानगर। शहर निवासी युवती ने युवक पर उसे ब्लैकमेल कर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। 25 वर्षीय युवती ने पुलिस को बताया कि उसकी अजय नामक युवक के साथ जान पहचान थी। इस दौरान आरोपी ने चोरी छिपे उसकी वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने आरोपी को मना किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

कृषि उपकरण चोरी करने का आरोपी काबू

बापौली। थाना बापौली पुलिस ने अतौलापुर गांव में घेर से कृषि उपकरण सुपर सीडर चोरी करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान साहिल निवासी अतौलापुर के रूप में हुई। सोमपाल निवासी अतौलापुर ने पुलिस को बताया था कि उसने गेंहू की बिजाई के बाद अपना कृषि उपकरण सुपर सीडर रोशन के घेर में खड़ा किया था। गत 20 मार्च को उसने घेर में जाकर देखा सुपर सीडर नहीं मिला।

अवैध मिट्टी से भरा ट्रक जांच के बाद सीज किया

पानीपत। जिला खनन अधिकारी निरंजन सिंह ने बताया कि रिफाइनरी के नजदीक एक ट्रक को अवैध रूप से मिट्टी से भरा हुआ पाया। वहीं ट्रक चालक ट्रक को छोडक़र फरार हो गया।

कृषि मंत्री ने रादौर में आयोजित कार्यक्रम में लिया भाग

न्यूनतम समर्थन मूल्य पर फसल खरीद में हरियाणा देशभर में नंबर वन : राणा

आयोजकों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया

- किसानों की आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही भाजपा सरकार : कृषि मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

हरियाणा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि हरियाणा देश का पहला राज्य है जहां सबसे अधिक फसलों की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी)पर की जा रही है। उन्होंने यह बात यमुनानगर जिले के रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते हुए कहे। मौके पर आयोजकों ने कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत किया।

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश की अनाज मंडियों में एक अप्रैल से जहां गेहूं की खरीद शुरु हो जाएगी। वहीं, मंडियों में सरसों की फसल की खरीद का शुभारंभ भी हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर की अनाज मंडियों में किसानों, व्यापारियों और श्रमिकों के लिए उचित सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जा चुके हैं। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान और उनकी आय दोगुनी करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में सरकार किसानों के हितों की रक्षा कर रही है। सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की समय पर घोषणा करना इस बात का प्रमाण है कि सरकार किसानों को प्राथमिकता दे रही है।

यमुनानगर। रादौर में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने आए कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते हुए आयोजक। फोटो : हरिभूमि

जल संरक्षण करें

कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने किसानों से जल संरक्षण करने, फसल विविधीकरण अपनाए जाने, पर्यावरण की रक्षा करें और पराली नहीं जलाने की अपील की। उन्होंने किसानों को जल गहन फसलों की जगह मोटे अनाज अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरकार इस संबंध में हर संभव सहायता प्रदान करेगी। उन्होंने बताया कि धान छोड़ने वाले किसानों को अब सरकार ने आठ हजार रुपये प्रति एकड़ अनुदान राशि दिए जाने का प्रावधान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों समेत सभी वर्गों के हितों के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार सास और दामाद की मौत

बापौली। क्षेत्र के गांव शिमला गुजरान के पास एक इको गाड़ी की बाइक से टक्कर में बाइक सवार सास व दामाद की मौत हो गई। जबकि हादसे के बाद आरोपी मौके पर अपनी गाड़ी छोड़ फरार हो गया।

बापौली थाना पुलिस को दी शिकायत के अनुसार साहीरा गांव नामुंडा की रहने वाली है तथा तीन बेटों की मां है। उसकी 60 वर्षीय मां सकूलत निवासी इस्सापुर खुरगान, जिला शामली यूपी 15 दिन से उसके पास रह रही थी। वहीं 21 मार्च को उसका पति 42 वर्षीय हक्कम अली उसकी मां सकूलत को छोडऩे शामली जा रहा था। दोनों बाइक पर सवार थे।

- सास को बाइक पर शामली छोड़ने जा रहा था हक्कम

रास्ते में जब वे गांव शिमला गुजरान के पास पहुंचे तो यहां एक सामने से एक तेज रफ्तार इको गाड़ी आई। जिसने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के बाद मौके पर जुटे राहगीरों ने दोनों को एक निजी अस्पताल पहुंचाया। जहां कुछ देर बाद इलाज के बाद दोनों की मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद आरोपी कुछ दूरी पर अपनी गाड़ी छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश शुरू कर दी है।

पानीपत में प्रेमी ही बना प्रेमिका का हत्यारा

- महिला ने लव मैरिज के बाद भी बनाया एक अन्य प्रेमी
- पांच वर्षीय बेटी ने अपने पिता को दी वारदात की सूचना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत में शुक्रवार रात को एक युवक ने अपनी प्रेमिका की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद वह महिला के शव को कंबल से ढंककर भाग गया। हत्या से पहले युवक ने महिला के साथ मारपीट की थी। यह पूरा वाकया महिला की 5 वर्षीय बेटी ने खिडक़ी के पीछे छिपकर देखा। बेटी ने वारदात की सूचना अपने पिता को दी।

महिला के पति का कहना है कि जिस युवक के बारे में उसकी बेटी बता रही है, वह उसे जानता भी नहीं। वह पीठ पीछे घर में आता रहा होगा। उसने महिला के साथ लव मैरिज की थी। दोनों पहले से तलाकशुदा थे। पुलिस ने महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सेक्टर 29 थाना प्रभारी सुभाष के अनुसार शुक्रवार रात को सूचना मिली कि जोगिंदर कॉलोनी में एक महिला की हत्या कर दी गई है। महिला की 5 वर्षीय बेटी रिया का कहना है कि उसकी मां को राहुल नाम के युवक ने मारा है जो उसके घर अक्सर आता-जाता रहता था। वह शुक्रवार रात को भी घर आया था। उस वक्त बबलू घर पर नहीं था। उनकी अनुपस्थिति में राहुल ने रानी से झगड़ा किया। उन्हें झगड़ता देख रिया डर गई और खिडक़ी के पीछे जाकर छिप गई।

इसी बीच राहुल ने रानी का गला दबा दिया। कुछ देर बाद रानी की मौत हो गई। महिला की पहचान 29 वर्षीय रानी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश के जैतपुर की रहने वाली थी। वहीं आरोपी भी उत्तर प्रदेश के गोंडा का रहने वाला है। मृतका रानी के पति बबलू ने बताया है कि करीब ढाई साल पहले वह एक फैक्ट्री में मास्टर था। वहीं रानी मजदूरी करती थी। दोनों ने प्रेम विवाह कर लिया था।

आरोपी की तलाश

रानी और बबलू ने करीब 2 साल पहले प्रेम विवाह कर लिया था। इसके बाद बबलू ऑटो चलाने लगा। तब से वह रानी को ज्यादा समय नहीं दे पा रहा था। बबलू का कहना है कि उसकी बेटी बता रही है कि कोई युवक उसके घर में आता था। हालांकि वह उस युवक से कभी नहीं मिला। हो सकता है कि उसी ने पत्नी को मारा हो। वहीं पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

यमुना में बहे दो छात्रों का दूसरे दिन भी सुराग नहीं

- पुलिस टीम गोताखोरों की सहायता से पानी में डूबे छात्रों की तलाश में दिन भर जुटी रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

पश्चिमी यमुना नहर में बाड़ी माजरा पुल के पास पानी में बहे दो छात्रों का दूसरे दिन भी कोई सुराग नहीं लग पाया।

पुलिस टीम गोताखोरों की सहायता से छात्रों की तलाश में दिनभर जुटी रही। इस दौरान छात्रों के परिजन भी अपने स्तर पर उनकी तलाश करते रहे। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि शनिवार को पुलिस टीम गोताखोरों की सहायता से पानी में बहे छात्रों की तलाश में दिन भर जुटी रही। इस दौरान पुलिस टीम ने गोताखोरों के साथ बाड़ी माजरा पुल के पास सर्च अभियान चलाया। मगर दोनों छात्रों का कुछ भी सुराग नहीं लग पाया। उधर दोनों छात्रों के परिजन पश्चिम यमुना नहर पर अन्य स्थानों पर उनकी तलाश में करते रहे।

दुकान में लूट करने के तीन आरोपी काबू

पानीपत। पुलिस ने सतकरतार कॉलोनी स्थित प्रिंटिंग प्रेस की दुकान में घुसकर युवक से मारपीट व लूटपाट करने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों की पहचान साहिल उर्फ काकू व गौरव उर्फ पिंडी निवासी किशनपुरा व सुमित निवासी आजाद नगर के रूप में हुई। आरोपियों ने मामले में पहले गिरफ्तार हो चुके अपने साथी रणजीत निवासी न्यू क्रांति नगर व अमन निवासी बुड़शाम व फरार अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

हत्यारोपी ने पुलिस पर गोली चलाई, जवाबी फायरिंग में घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घरौंडा

गांव खरकाली में एक हत्या आरोपी मुजरिम ने पुलिस टीम पर गोली चला दी जिसमें पुलिस ने भी जवाबी फायर किया और इस फायरिंग में बदमाश घायल हो गया। बता दें कि शुक्रवार देर रात गुरुग्राम पुलिस हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए गए टेक चंद नामक बदमाश को लेकर घरौंडा पहुंची थी। पुलिस पूछताछ में बदमाश ने घरौंडा के खरकाली रोड से लगती खाली जमीन में मोबाइल छिपा कर रखने की बात कबूली थी। बदमाश की निशानदेही पर गुरुग्राम सीआईए की टीम हत्यारे को लेकर मोबाइल रिकवर करने पहुंची ।सब इंस्पेक्टर अरुण ने बताया कि आरोपी ने पुलिस को चकमा दिया। उसने मोबाइल की बजाए गड्ढे में पिस्तौल दबा रखी थी । बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी बदमाश पर गोली चला दी जोकि उसके पैर में लगी जिससे वह घायल हो गया।

- आरोपी ने मोबाइल की बजाए गड्ढे में पिस्तौल दबा रखी थी

अध्यापकों के सामने भी चुनौतियां : देवव्रत

- गुरुकुल शिक्षा उत्सव के तीसरे दिन 7वीं कक्षा के लिए परीक्षा में दो हजार से अधिक छात्र बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

गुरुकुल कुरुक्षेत्र सहित गुरुकुल ज्योतिसर, गुरुकुल नीलोखेड़ी एवं आर्यकुलम्-नीलोखेड़ी हेतु चल रही प्रवेश परीक्षाओं में भारी संख्या में अभिभावक और छात्र पहुंच रहे हैं।

गुरुकुल शिक्षा उत्सव के तीसरे दिन 7वीं कक्षा हेतु परीक्षा ली गई जिसमें दो हजार से अधिक छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र में उन्होंने लगभग 40 वर्षों तक प्राचार्य पद पर कार्य किया। अभिभावकों के साथ-साथ अध्यापकों के सामने भी आज अनेक चुनौतियां हैं।

बच्चों में संस्कारों का अभाव, दूषित होते वातावरण और खानपान के दुष्प्रभाव स्पष्ट नजर आते हैं, यही कारण है कि प्रत्येक अभिभावक गुरुकुलों में अपने बच्चों को प्रवेश दिलाना चाहता है।

अभिभावकों की आशा के अनुरूप उन्होंने गुरुकुल कुरुक्षेत्र के तर्ज पर गुरुकुल नीलोखेड़ी, आर्यकुलम् और गुरुकुल ज्योतिसर आरम्भ किये, ये सभी संस्थान वर्तमान में हरियाणा में न. 1 और नं 2 स्थान पर है।

कुरुक्षेत्र। समारोह में मौजूद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत व अन्य।

चार दिवसीय रत्नावली युवा सांग महोत्सव जारी

सांग लोकप्रिय नाट्य पारंपरिक शैली

- युवा वर्ग, बुजुर्गों व महिलाओं ने सांग का भरपूर आनंद उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लाडवा

युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के सौजन्य से इन्दिरा गाँधी नेशनल कॉलेज, लाडवा द्वारा चार दिवसीय रत्नावली युवा सांग महोत्सव के दूसरे दिन युवा वर्ग, बुजुर्गों व महिलाओं ने सांग का भरपूर आनंद उठाया। समारोह में रमन कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता, जिला न्यायलय करनाल मुख्यातिथि रहे।

विशिष्ट अतिथि के रूप में रोजी रानी इंस्पेक्टर, आई.टी.बी.पी. नई दिल्ली रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. कुशल पाल ने की। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के निदेशक प्राफेसर विवेक चावला और विभागीय सदस्य हरविन्द्र राणा भी रत्नावली युवा सांग महोत्सव के निरिक्षण के लिए ग्राम बुढा में पहुँचे। ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ हुआ। हरविन्द्र राणा ने बम लहरी भोले का एक मधुर भजन गाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। मुख्यातिथि रमन कुमार ने सांग के बारे में युवा वर्ग को परिचित करवाते हुए कहा कि सांग हरियाणा का एक लोकप्रिय लोक नृत्य, रंगमंच रूप और कहानी कहने की एक पारंपरिक शैली है। सांग में गीत और संवाद के साथ उपयुक्त नाटकीयता शामिल होती है। विशिष्ट अतिथि रोजी रानी ने कॉलेज परिवार को रत्नावली युवा सांग महोत्सव के आयोजन करवाने की जिम्मेदारी को सफल बनाने की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सांग तो हमारे हरियाणा में बहुत प्रसिद्ध है।

प्रोफेसर विवेक चावला, निदेशक, युवा एवं सांस्कृतिक विभाग, के.यू.के. ने बताया कि यह विश्वविद्यालय द्वारा हरियाणा सांग को बचाने के लिए एक कदम उठाया गया था और आज यह सफल होता दिखाई दे है क्योंकि कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा ही हरियाणवी सांग को प्रस्तुत किया जाता है, जो कि अपने आप में ही एक उपलब्धि है।

लाडवा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते मुख्यतिथि रमन कुमार।

खबर संक्षेप

रॉयल मॉन्सटर क्लब बना चैपियन

करनाल। स्टार स्पोर्ट्स एंड फिटनेस सेंटर करनाल में स्टार क्लब करनाल द्वारा सेकेंड लेदर बॉल नाइट कॉर्पोरेट क्रिकेट टूर्नामेंट/" का आयोजन किया गया । इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया । भाग लेने वाली टीमों में मुख्य रूप से करनाल, कुरुक्षेत्र, पानीपत व अन्य जिलों से थी। इस टूर्नामेंट में कुल 31 मैच रात में खेले गए। टूर्नामेंट में 24 लीग, 4 क्वार्टर फाइनल,दो सेमीफाइनल और फाइनल खेले गए। फाइनल मैच पानीपत के /"अवेंजर्स क्रिकेट क्लब/" और करनाल के /"रॉयल मॉन्स्टर क्रिकेट क्लब/" के बीच खेला गया। जिसमें रॉयल मॉन्स्टर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 220 रन बनाएं। 221 रनों का पीछा करते हुए अवेंजर क्लब 185 बन पाया और रॉयल मॉन्स्टर क्लब ने 35 रनों से फाइनल मुकाबला व यह टूर्नामेंट जीत लिया ।

शहीदों को वंदेमातरम से दी जाएगी सलामी

करनाल। राष्ट्र के लिए हंसते हंसते फाँसी के फंदे को चूमने वाले महान क्रांतिकारियों शहीद ए आज़म भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव के 94वे शहादत दिवस पर करनाल में आयोजित होने जा रहे वन्दे मातर कार्यक्रम में गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और राष्ट्र भगतों को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू ने बताया कि महान शहीदों के परिवार से शहीद भगत सिंह के भतीजे अभय सिंह संधू की पत्नी तेजी संधू, शहीद कैप्टन विक्रम बतरा के पिता गिरधारीलाल बत्रा व तीनो शहीदों की फांसी की सजा का विरोध करने वाले जस्टिस आगा ख़ान के पौत्र नवेद हैदर इस आयोजन का हिस्सा बनकर सभी को प्रेरित करेंगे।

जिला मुख्यालय पर आशा वर्कर्स का धरना कल

करनाल। आशा वर्कर यूनियन जिला कमेटी करनाल 24 मार्च को जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेगी। यूनियन की जिला प्रधान नीरू, सचिव सुदेश व कैशियर कविता ने कहा कि हरियाणा सरकार लगातार आशा वर्करों की मांगों की अनदेखी कर रही है। केंद्र सरकार ने बजट में आशा वर्करों के लिए एक पैसे की बढ़ोतरी नहीं की। यूनियन मांग करती है कि आशा वर्करों के बजट में केंद्र सरकार द्वारा बढ़ोतरी की जाए, आशा वर्करों के लिए समान काम समान वेतन लागू किया जाए, 2022 में हड़ताल के दौरान काटे गए मानदेय को जारी किया जाए, पिछले पांच साल से आशा वर्करों के मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई, तुरंत मानदेय में बढ़ोतरी की जाए, आशा वर्करो को न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपए दिया जाए, आशा वर्करो को स्थाई किया जाए, ईएसआई व पीएफ काटा जाए, मृत्यु होने पर आश्रितों को पांच लाख रुपए मुआवजा दिया जाए, रिटायरमेंट पर दो लाख रुपए दिए जाएं, आशा वर्करो की रिटायरमेंट की आयु 65 वर्ष की जाए।

महापुरुष सम्मान समारोह: सिविल सेवा में चयनित युवा हुए सम्मानित

बुजुर्गों के अनुभव का फायदा उठाएं मेधावी छात्र और खिलाड़ी : ढांडा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा है कि आज बुजुर्गों और युवा पीढ़ी के बीच अंतर बढ़ रहा है। सामाजिक समरसता के लिये इस अंतर को पाटना होगा। युवाओं को बुजुर्गों के अनुभव का फायदा उठाना चाहिये। यदि ऐसा नहीं किया तो भविष्य में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि परिवार में पोते-पोती को दादा-दादी के साथ और संभव हो तो बहू-बेटे को भी कुछ समय घर में एक साथ बिताना चाहिये। इससे परिवार सशक्त होगा। परिवार मजबूत होने से प्रदेश व राष्ट्र को भी फायदा होगा तथा युवा शक्ति भविष्य की चुनौतियों का आसानी से मुकाबला कर सकेगी। ढांडा यहां सेक्टर 12 के जाट भवन में जाट सभा की ओर से आयोजित महापुरूष सम्मान दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों, खिलाडियों तथा हरियाणा सिविल सेवा व न्यायिक सेवा में चयनित युवाओं, समाज सेवियों को सम्मानित किया। समारोह में रोड सभा, राजपूत सभा, सारस्वत ब्राह्मण सभा, सैनी सभा, कश्यप सभा, गुर्जर सभा, कंबोज सभा, बाल्मीकि सभा, रविदास सभा, अग्रवाल सभा, पंजाबी सभा, सिख सभा, पाल सभा, मुस्लिम सभा तथा गोस्वामी सभा के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया। शिक्षा मंत्री ने सर्व समाज के साथ आगे बढने के लिये जाट सभा को बधाई दी। उन्होंने महाराजा सूरजमूल को नमन करते हुये कहा कि उन्होंने हिंदू समाज को बचाने के लिये जो संघर्ष किया उसे कभी नहीं भुलाया जा सकता। ढांडा ने कहा कि नई शिक्षा नीति प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग में लागू की जा चुकी है। मौलिक तथा सेकंडरी शिक्षा विभाग में भी इसे जल्द लागू कर दिया जायेगा। उन्होंने इस मौके पर जाट सभा को ऐच्छिक कोष से 21 लाख रुपये देने की घोषणा की। सभा से आग्रह किया कि यहां छात्रावास अथवा लाईब्रेरी के लिये प्रस्ताव तैयार करवा कर भिजवायें। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि पाश्चात्य संस्कृति के असर से आज युवा नशे की ओर बढ़ रहे हैं। इन बुराइयों के खात्मे के लिये सर्व समाज के लोगों को बैठ कर रणनीति बनानी होगी। स्थानीय विधायक जगमोहन आनंद ने कहा समाज में भाईचारा, समय की जरूरत है। समाज के सभी वर्गों को सम्मान देने के लिये आयोजयों को बधाई। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि प्रदेश में बिना पर्ची-बिना खर्ची के योग्यता पर नौकरी मिलने से युवाओं में पढ़ाई के प्रति रूझान बढ़ा है। सभा के प्रधान भूपेंद्र लाठर ने भी इस मौके पर 11 लाख रुपये देने की घोषणा की। इस मौके पर जाट सभा के प्रधान भूपेंद्र लाठर उर्फ भूप्पी, वरिष्ठ उप प्रधान सुभाष नरवाल, महासचिव चरण सिंह मलिक, उप प्रधान विक्रम बेनिवाल, जीत सिंह संधू, कैशियर मनीश लाठर, आडिटर धर्मपाल नरवाल, जगपाल लाठर के अलावा जिला भाजपा अध्यक्ष प्रवीण लाठर, संजय बठला, पूर्व मंत्री शशि पाल मेहता, राजपूत सभा के प्रधान डा एमपी सिंह, धर्मबीर पाढ़ा आदि मौजूद रहे।

आयोजकों को बधाई व शुभकामनाएं दी

सभा के प्रधान भूपेंद्र सिंह ने मंत्री से भवन के पास पार्किंग की व्यवस्था करने तथा भवन के हॉल को एसी बनाने की मांग रखी। इस पर मंत्री ने कहा कि वे स्थानीय विधायकों से डी-प्लान के तहत राशि देने का अनुरोध करेंगे। बाद में एक सवाल पर कहा कि पंजाब सरकार को किसानों से बातचीत कर स्थानीय मुद्दों का निपटारा करना चाहिये। इस मौके असंध के विधायक योगेंद्र राणा ने उल्लेखनीय कार्य करने वाले सर्वसमाज के लोगों को सम्मानित करने पर आयोजकों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

इन्हें किया सम्मानित

शिक्षा मंत्री ने इस मौके पर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समीर नरवाल, मयंक नरवाल, आदि नांदल, देवांश भारद्वाज, भव्य भारद्वाज और सुखबीर संधू तथा परीक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले मनन पंवार, दलबीर लाठर, प्रियांशी, अंजलि माल, स्वीटी जून, किरण मान, विनायक संधू, आशीष नैन, सूरजमूल मंढाण, खुशमीत नरवाल, लवन्या सिंघरोहा, भव्य, ऑस्टिन, हिमांशी पान्नू, प्रीति पान्नू, गरिमा, दिव्या, आंचल, निशांत, मानव पंवार, गुरदीक्षा गुलिया, अनीशा, कीर्ति देवी, वर्षा, रीतिका, विपिन मान, प्रणव, स्नेहा संधु, अदिति, दीपांशु बाल्याण कश्यप, चिराग, महक व शिवानी को सम्मानित किया। इसके अलावा एचसीएस के लिये चयनित मोहित सिंधर, अभिषेक संधु, जज के रूप में चयनित वर्षा रानी, पायलट के लिये नवदीप दलाल (पत्नी ने सम्मान ग्रहण किया), केंद्रीय एक्साइज इंस्पेक्टर करिश्मा मंढाण, सहायक प्रो डा. मुक्ता संधु, भ्रष्टाचार के मामले को उजागर करने वाले महेंद्र नरवाल को भी सम्मानित किया। इससे पहले समारोह में विभिन्न समाजों के प्रधानों को भी सभा की ओर से सम्मानित किया गया।

विश्व जल संरक्षण दिवस पर व्याख्यान कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

गुरु नानक खालसा महाविद्यालय, करनाल में एनसीसी यूनिट एवं ह्यूमन क्लब सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विश्व जल संरक्षण दिवस मनाया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में लेफ्टिनेंट डॉ. देवी भूषण (एनसीसी ऑफिसर) उपस्थित रहे।

डॉ. देवी भूषण ने कैडेट्स एवं विद्यार्थियों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया तथा /"जल है तो कल है/" विषय की प्रासंगिकता को विविध उदाहरणों के माध्यम से स्पष्ट किया। उन्होंने जल संरक्षण के दो महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को इसके प्रति प्रेरित किया। साथ ही, उन्होंने उन महानुभावों के उदाहरण प्रस्तुत किए, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों के बावजूद जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। उन्होंने यह भी बताया कि हम किस प्रकार छोटे-छोटे प्रयासों से जल बचा सकते हैं, जिससे न केवल वर्तमान बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए

ये रहे मौजूद

कार्यक्रम की सफलता पर महाविद्यालय की प्राचार्या शशि मदान ने विद्यार्थियों को रिड्यूस, रीयूज, रिचार्ज और रिसाइकल के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया। वहीं, कॉलेज गवर्निंग बॉडी के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने सभी को विश्व जल दिवस की शुभकामनाएँ दीं और जल संरक्षण का आह्वान किया।इस अवसर पर डॉ. कृष्ण, डॉ. दीपक, प्रो. चेष्टा, प्रो. अमरजीत, प्रो. मनीष, प्रो. सीमा, प्रो. गीतांजलि, प्रो. नीतीश, प्रो. इमरान सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

रजिस्ट्रेशन करवाने पर मिलेगा निशुल्क लैपटॉप

करनाल। पंकज गाबा और रूचि रावल द्वारा बाहरवीं कक्षा व स्नातक से उत्तीर्ण हुए बच्चो के लिए साइप्रस देश में अपनी आगे की पढाई करने के लिए एक सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें बच्चों को साइप्रस में यूनिवर्सिटी और कॉलेज में पढ़ाई के लिए सुझाव दिये जायेंगे । इस मोके पर ट्यूशन अबरोड के संचालक सुमित राणा और पीयूष शर्मा ने बताया कि जो भी बच्चा 25 तारीख को सेमिनार में अपना रजिस्ट्रेशन करायेगा उसको वीजा के साथ लैपटॉप फ्री दिया जाएगा। रुचि रावल ने बताया कि लैपटॉप के साथ साथ जो भी बच्चा रजिस्टर कराता है अगर उसने पी-टी और आईलेट्स नहीं कर रखी तो उसे फ्री कोचिंग भी दी जाएगी उन्होंने बताया कि सेमिनार का स्थान क्रॉस लेंड नजदीक सिविल हॉस्पिटल चौंक कार एक्सपर्ट के सामने सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रहेगा।

अपने प्रतिद्वंद्वी शिव दयाल सिंगला को 25 मतों से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरौंडा

अनाज मंडी के प्रधान बने महेंद्र पसरिचा उर्फ हैप्पी, दी बधाई

कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद का चुनाव नई अनाज मंडी स्थित कम्युनिटी सेंटर में शांतिपूर्ण ढंग से हो गया है। चुनाव कार्यवाहक प्रधान डॉ सुखबीर संधू की देखरेख में हुआ। चुनाव में दो प्रत्याशी मैदान में थे। जिसमें महेंद्र पसरिचा उर्फ हैप्पी ने अपने प्रतिद्विंदी शिव दयाल सिंगला को 25 मतों से हरा दिया है। चुनाव शांतिप्रिय ढंग से कराने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था। बाद में नवनियुक्त प्रधान महेंद्र पसरिचा उर्फ हैप्पी ने कहा कि पूरा साल सभी को साथ लेकर चलेंगे। शनिवार की कच्चा आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए सुबह आठ बजे मतदान शुरू हो गया था। मतदान दोपहर डेढ़ बजे तक रहा। आढ़ती एसोसिएशन में 333 वोट थी। चुनाव में सौ प्रतिशत मतदान हुआ। चुनाव कराने के लिए सात सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया। जिसमें कार्यवाहक प्रधान डॉ सुखबीर संधू, जयभगवान गोयल, सुरेश मित्तल, रोहित गोयल, रमेश कुमार, जसपाल बुढ़नपुर व हरिओम जुनेजा कमेटी के सदस्य बनाए गए थे। लगभग डेढ़ बजे मतगणना शुरू हो गई थी। जिसमें महेंद्र पसरिचा उर्फ हैप्पी को 179 वोट मिली और शिव दयाल सिंगला को 154 वोट मिली।

बसे चलने से आसपास के ग्रामीणों को लाभ मिलेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तरावड़ी

तरावड़ी के लोगों को सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक एसी बस की सौगात मिली

तरावड़ी शहर व आसपास गावों के लोगों को सरकार की ओर से इलेक्ट्रिक एसी बस की सौगात मिली है। सरकार की ओर से विधायक भगवान दास कबीरपंथी के प्रयासों से लो फ्लोर एसी बस शनिवार को शुरुआत हो चुकी है। करनाल बस स्टैंड से ट्रैफिक इंचार्ज बल सिंह ने मौके पर बताया कि सरकार की ओर से जिला प्रशासन द्वारा करनाल से तरावड़ी तक एसी बस की शुरूआत गई है। यह बस तरावड़ी सौंकड़ा पुलिया पर इसका ठहराव होगा और लगभग प्रत्येक 1 घंटे के बाद इसकी सार्विस तरावड़ी के लोगों को मिलेगी और इस बस के तरावड़ी सौंकड़ा पुलिया से चलकर स्टेट बैंक, तरावड़ी तखाना मोड, जीटी रोड टी पॉइंट, शामगढ़, उचाना, झंझाड़ी, नया बस स्टैंड होते हुए पुराने बस स्टैंड पर होगा। इस बस में सवारी की सुरक्षा के लिए जीपीएस, कैमरे, एसी सुविधा के साथ महिलाओं व लड़कियों के लिए सुरक्षित व आरामदय यात्रा होगी। उन्होंने बताया इस बस में कोई पास मान्य नहीं होगा। चाहे वह कर्मचारी है या कोई किसी संस्थान का विद्यार्थी है। इस बस का किराया तरावड़ी से करनाल पुराने बस स्टैंड तक तीस प्रति सवारी होगा। इस तरावड़ी से सुबह 8:00 बजे रवाना होगी व शाम को आखिरी समय 6:50 पर चलने का होगा। दिन में लगभग हर घंटे की यहां से सर्विस होगी। जिसका टाइम टेबल तरावड़ी सौंकड़ा पुलिया बस स्टैंड पर लगाया गया है। इस बस के चलने से शहर वासियों व नौकरी पर जाने वाली महिलाओं व लड़कियों को लाभ मिलेगा।



तरावड़ी। बस के चलने से पूर्व ट्रैफिक इंचार्ज बल सिंह जानकारी देते हुये व अन्य कर्मचारी व बस के अन्दर का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

20 अप्रैल को खेला जाएगा पहला टी20 क्रिकेट मैच

करनाल। बामल स्पोर्ट्स क्लब करनाल द्वारा आगामी 20 अप्रैल रविवार को राणा ब्रदर्स एकेडमी मेरठ रोड करनाल में पहला टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट खेला जाएगा जिसमें कोरपोरेट जगत की 16 टीमें हिस्सा लेने जा रही हैं। उक्त जानकारी देते हुए टूर्नामेंट के ओरगनाईजर संजय बामल एवं उनके साथी पूर्व पार्षद एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डा अशोक कुमार एवं राणा ब्रदर्स क्रिकेट एकेडमी के कोच सतीश राणा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि इस टूर्नामेंट की चैंपियन टीम को एक लाख रुपए के नकद पुरस्कार के साथ साथ चैंपियन विजेता ट्राफी से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि टूर्नामेंट में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 51हजार रूपए एवं तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 21 हजार की नकद पुरस्कार राशि के अलावा ट्राफी भी प्रदान की जाएगी। इस टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम को कम से कम तीन मैच खेलने का मौका मिलेगा।

विधायक जगमोहन आनंद ने जेसीआई गोल्ड को सराहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में 256 लोगों का चैकअप किया

जेसीआई करनाल गोल्ड की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर सरकारी पॉलीक्लीनिक सेक्टर 16 में लगाया गया। संजीव बंसल सिगनस अस्पताल का कैंप में विशेष सहयोग रहा। शिविर में चिकित्सा, सर्जरी, ऑर्थोपेडिक्स, स्त्री रोग और फिजियोथेरेपी विशेषज्ञ डॉक्टरों ने लोगों का चैकअप किया। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, लीवर और किडनी फंक्शन टैस्ट, छाती का एक्सरे व थूक परीक्षणी निशुल्क किए गए। डॉक्टरों ने परामर्श देने के साथ-साथ दवाइयां भी वितरित की।

शिविर में 256 लोगों का चैकअप किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि फ्री स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना बड़ा पुण्य कार्य है। उन्होंने जेसीआई करनाल गोल्ड के प्रधान जेसी प्रमोद बंसल और प्रोजेक्ट डायरेक्टर जेसी डा. राजीव पंवार को इस तरह के सामाजिक कार्यक्रम आयोजनों के लिए बधाई दी। इस अवसर पर एनवीपी जेएफएस अशोक भट्ट और जोन 10 प्रेजिडेंट जेएफएम राहुल सिंगला भी मौजूद रहे।

शहीदी दिवस को ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन

घरौंडा। संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल बरसत में शहीदी दिवस को ब्लड डोनेशन कैंप के रूप में आयोजन किया गया।यह आयोजन संजीवनी मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल एवं नाड़ी वैद्य ट्रस्ट ने निफा के सहयोग से किया जिसमें 95 रजिस्ट्रेशन हुई और 60 यूनिट ब्लड इकट्ठा हुआ इस कार्यक्रम में समाजसेवी रणदीप राणा जमालपुर मुख्य अतिथि रहे और रेड क्रॉस की तरफ से डॉक्टर संजय वर्मा और उनकी टीम उपस्थित रही नाड़ी वैद्य ट्रस्ट के डायरेक्टर डॉक्टर अजीत सिंह यादव एवं संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉक्टर मोहित वशिष्ठ ने इस कार्यक्रम को आयोजित किया और सभी रक्तदानियों को धन्यवाद दिया संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजीव वशिष्ट ने बताया पहले भी संजीवनी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में पांच बार रक्तदान शिविर विभिन्न अवसरों पर लगाया जा चुका है।

प्रतियोगिता में सफल रहे छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंद्री

महाविद्यालय में पोस्टर मेकिंग और नारा लेखन प्रतियोगिता

शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय मटक माजरी इंद्री की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन की शुरुआत योग के साथ की गई। इस शिविर में लगभग 152 स्वयंसेवको ने हिस्सा लिया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एएसआई. देवेंद्र मान ने शिरकत की। एएसआई देवेंद्र मान ने विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से संबंधित जानकारी साझा की तथा टोल फ्री नंबरों के बारे में जानकारी दी । उन्होंने विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए कहा कि किस तरह से हमें साइबर अपराध से सावधान रहने की आवश्यकता है तथा अगर इस तरह की कोई भी धोखाधड़ी उनके साथ होती है तो तुरंत अपने नजदीकी थाना में जाकर उसकी रिपोर्ट दर्ज कराए। मंच का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वितीय इकाई प्रभारी प्रो कुलदीप ने किया । कार्यक्रम में पोस्टर मेकिंग तथा नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें लगभग 90 एनएसएस के स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ कर्मवीर सिंह, डॉ एस बी भारद्वाज, डॉ सविता व प्रो वंदना सैनी ने निभाई । राष्ट्रीय सेवा योजना तृतीय इकाई प्रभारी डॉ बाल ऋषि ने विद्यार्थियों को कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना उनके सर्वांगीण विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है।

इंद्री। शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय इंद्री मे आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता मे हिस्सा लेते स्वयंसेवक। फोटो : हरिभूमि

श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय यात्रा रवाना

कलयुग में भक्तों की नैया पार लगा रहे बाबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

शनिवार को श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति की ओर से अग्रोहा धाम, लक्ष्मी माता मंदिर, सालासर बालाजी, श्री खाटू श्याम धाम के लिए बस यात्रा रवाना हुई। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला व मुख्य से विकास गर्ग ने फूल मालाएं व पटका पहनाकर स्वागत किया और उन्हें सम्मानित भी किया गया। विधि-विधान से पूजा अर्चना कर नारियल फोडकर बस यात्रा का शुभारंभ। भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर ने सेक्टर 12 से बस यात्रा को झंडी देकर रवाना किया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष प्रवीन लाठर ने कहा कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति शहर के लोगों को धार्मिक यात्राएं करवाकर पुण्य का कार्य कर रहे है। शहर के लोगों को समिति के साथ जुड़कर यात्रा का आनंद उठाना चाहिए। प्रवीन लाठर ने कहा कि इस कलयुग में श्याम बाबा रक्षक बनकर अपने भक्तों की नैया पार लगा रहे है। बाबा श्याम अपने भक्तों की हर मनोकामनाएं पूर्ण करते है। वहीं प्रमोद मंगला ने बताया कि श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह बस यात्रा रवाना की जाती है। वहीं समिति के मुख्य सेवक विकास गर्ग ने बताया श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा हर माह श्रद्धालुओं को धार्मिक यात्रा करवाई जाती है। इस अवसर पर इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष प्रमोद मंगला, मुख्य सेवक विकास गर्ग, संजीव मित्तल, योगेन्द्र शर्मा, अनिल मित्तल, जतिन, विपिन गुप्ता, ममता रानी व अशा रानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

करनाल। श्री श्याम बालाजी दर्शन सेवा समिति द्वारा दो दिवसीय यात्रा को रवाना करते हुए भाजपा के जिलाध्यक्ष।

खबर संक्षेप

शिविर में पवन लाकड़ा ने किया 66वीं बार रक्तदान

पानीपत। देश के वीर शहीदों भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु को समर्पित रक्तदान शिविर का आयोजन आज मदद रक्तसेवा व भारत विकास परिषद लवकुश शाखा द्वारा संयुक्त रूप से रेडक्रॉस ब्लड बैंक में किया गया। जिसमें कुल 56 यूनिट रक्त एकत्रित हुए जिसमें मुख्यअतिथि भाजपा जिलाअध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने रक्तदानियों को सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान जरूर करना चाहिए। वहीं मदद रक्तसेवा के संस्थापक पवन लाकड़ा ने अपने जीवन का 66वां रक्तदान कर युवाओं के सामने नई मिसाल पेश की। इस अवसर नरेंद्र गुप्ता, अजय गुप्ता, भूपेश अग्रवाल, पदम अग्रवाल, देवेंद्र मित्तल, नवीन कपूर, सुभाष मित्तल, बृजमोहन वर्मा, प्रमोद शर्मा व सागर लाकड़ा उपस्थित रहे।

सीएम रेखा गुप्ता का स्टाफ कर सकता है छवि धूमिल

पानीपत। जन स्वास्थय विभाग से सेनानिवृत अधीक्षक अभियंता यमुना एन्क्लेव निवासी देवी दयाल अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली ही मुख्यमंत्री रेखा का दिल्ली सचिवालय में तैनात स्टाफ उनकी बदनामी का कारण बन सकता है। देवी दयाल ने आरोप लगाया कि दिल्ली सचिवालय में तैनात स्टाफ दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की छवि को खराब करने का प्रयास कर रहा है। जिसका ताजा उदाहरण एक बार नहीं चार बार देखने को मिल चुका है। देवी दयाल अग्रवाल ने बताया कि वह दिल्ली की नवनियुक्त मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को मिलकर बधाई देने के लिए गत 1 मार्च, 3 व 5 तथा 19 मार्च को मिलने के लिए दिल्ली सचिवालय पहुंचा था पर एक बार भी वहां कार्यरत कर्मचारियों ने उसकी मुलाकात सीएम रेखा गुप्ता से नहीं होने दी।

शहीदी दिवस पर विशाल रक्तदान शिविर आज

पानीपत। श्रीराम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा ने बताया की 23 मार्च को शहीदी दिवस पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी और ब्लड बैंक सिविल हॉस्पिटल के साथ मिलकर विशाल रक्तदान शिविर हर्ष गार्डन बरसत रोड नूरवाला में लगाया जाएगा। शिविर में आदर्श एक विश्वास वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से डा.वरुण गोगिया एवं उनकी टीम मुफ्त चश्मा वितरण एवं डा. प्रशांत शर्मा तथा डा.ललित वर्मा के सहयोग से दंत जांच शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, सांसद प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा मुख्यातिथि रहेंगे। जबकि मुकेश टुटेजा, प्रवीण मुजाल विशिष्ठ अतिथि होंगे। अध्यक्षता कृष्ण छौक्कर तथा चंद्र शेखर शर्मा करेंगे। मीडिया प्रभारी हरीश अरोड़ा ने बताया की शहर में होर्डिंग लगवाकर एवं मुनादी करवाकर आम जनता को शिविर का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया गया हैं और युवा वर्ग और महिलाओं को भी रक्तदान के पुनीत कार्य में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया है।

भारत का युवा ही विकसित राष्ट्र की नीव है : कोमल सैनी

एसडी कॉलेज में पानीपत व सोनीपत जिलों की विकसित भारत युवा संसद का आगाज

■ देश की दिशा और दशा युवा ही तय करते हैं

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

पानीपत। एसडी कालेज में युवा संसद में पहुंचे वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सोनी को सम्मानित करते गजेंद्र सलूजा व अन्य व एसडी कालेज में आयोजित युवा संसद में उपस्थिति ।

एसडी पीजी कॉलेज में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार, राष्ट्रीय सेवा योजना और नेहरु युवा केंद्र संगठन नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का आगाज अतिविशिष्ट मेहमानों डॉ.अर्चना गुप्ता प्रदेश महामंत्री भाजपा हरियाणा, कोमल सैनी मेयर, दुष्यंत भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा की उपस्थिथि में हुआ। उनके साथ डॉ.राजबीर सिंह मीडिया सेल प्रभारी भाजपा, स्नेह लता डीवाईओ और सार्थक कुमार एनवाईसी ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। जूरी की भूमिका डॉ.वीरेंद्र सोनी वरिष्ठ पत्रकार, रोशन लाल सचदेवा पूर्व चीफ मैनेजर पंजाब नेशनल बैंक, डॉ.अनीता अग्रवाल एसोसिएट प्रो.दयाल सिंह कॉलेज करनाल, डॉ.नरेश ढांडा एसोसिएट प्रो.राजकीय महाविद्यालय पानीपत और डॉ.अशोक अत्री एसोसिएट प्रो. आरकेएसडी कॉलेज कैथल ने निभाई। मेहमानों का स्वागत नरेश कुमार गोयल सचिव एसडी एजुकेशन सोसाइटी, दिनेश गोयल कॉलेज प्रधान, राजीव गर्ग उप प्रधान, विशाल गोयल कोषाध्यक्ष और प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने पौधा रोपित गमलें भेंट करके किया। जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2025 का थीम एक राष्ट्र एक चुनाव विकसित भारत की ओर बढ़ते कदम है।

युवा संसद में के पहले दिन पानीपत और सोनीपत जिले के 18 से 25 वर्ष की आयु के 100 प्रतिभागीयों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ.राकेश गर्ग और मंच संचालन डॉ.संतोष कुमारी ने किया। वहीं डॉ.अर्चना गुप्ता ने कहा कि जब भी भारत का युवा जागता है तो देश खुद ब खुद जाग उठता है। देश की दिशा और दशा युवा ही तय करते हैं। दुष्यंत भट्ट ने कहा कि बार-बार चुनाव होने से और सरकारें गिरने से लोगों का नेताओं पर से भी भरोसा उठा है और इसने भ्रष्टाचार को भी जन्म दिया है। एक राष्ट्र एक चुनाव बहुत सी समस्याओं का समाधान है। वहीं मेयर कोमल सैनी ने कहा कि भारत माता की जय बोलना ही हमारी असल पहचान है। अब युवाओं को अपनी सोच बदलनी होगी और राजनीति के प्रति भी गंभीर बनना होगा। युवा ही भारत की शक्ति है और देश के स्वप्न युवा ही साकार करेंगे। इसी उद्देश्य से इस युवा संसद का आयोजन किया गया है। देश के प्रति हर नागरिक की जिम्मेदारी है। प्राचार्य डॉ.अनुपम अरोड़ा ने कहा कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के चुनाव चक्रों को एक साथ रखकर एक राष्ट्र एक चुनाव का भाव चुनावों से जुड़ी शासन में व्यावधान और संसाधनों की बर्बादी जैसी दीर्घकालिक चुनौतियों को दूर करने का आश्वासन देता है।

पानीपत। स्वास्थ्य शिविर में भाग लेते विद्यार्थी व चिकित्सक। **फोटो :हरिभूमि**

छाजपुर पीएम श्री स्कूल में जांचा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

गांव छाजपुर कलां स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में तीन दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ करते हुए प्रधानाचार्य ज्योति ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य शिक्षा एवं सामाजिक दायित्व के प्रति जागरूक किया। वहीं चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों को व्यक्तिगत स्वच्छता एवं अच्छी जीवन शैली के बारे जागरूक किया तथा उनके स्वास्थ्य की जांच की। इसके अलावा शिविर में अनुभवी विशेषज्ञों कृषि विभाग, जैविक कोच एवं अन्य प्रवक्ताओं ने भी विद्यार्थियों को अपने-अपने विभाग की नीतियों एवं विद्यार्थियों के कर्तव्य के प्रति जागरूक किया। वहीं इस दौरान निबंध एवं पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन नोडल अधिकारी पिंकी मलिक कमेटी सदस्य जोनी, रानी व धीरज आदि द्वारा किया गया। वहीं विजेताओं को प्रधानाचार्य ज्योति,विनोद कुमार और परविंदर द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इस अवसर पर डा.यतेंद्र, डा.अनुपम, डा.अतुल मलिक, एएनएम सुनीता, फार्मासिस्ट अर्चना द्वारा विद्यार्थियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई

वेद प्रकाश अत्री व रामशरण सांगी अपने सांग की प्रस्तुति देंगे

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

■ एसडी कॉलेज में होगा तीन दिवसीय सांग महोत्सव का आयोजन

हरियाणवीं लोक कला एवं संस्कृति के प्रसार प्रचार में जुटी दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट तथा हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आगामी 28,29 और 30 मार्च को प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से तीन दिवसीय सॉन्ग महोत्सव का आयोजन होगा। जिसमें वेद प्रकाश अत्री तथा रामशरण सांगी अपने सांग की प्रस्तुति देंगे। गुलाब पांचाल तथा संतोष तृप्ता मंच संचालन करेंगे। यह जानकारी देते हुए दादा लखमीचंद सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में हरियाणा कला परिषद रोहतक मंडल के निदेशक एवं ओएसडी मुख्यमंत्री हरियाणा गजेंद्र फोगाट मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, मेयर कोमल सैनी, करनाल मेयर रेणु बाला गुप्ता, दुष्यंत भट्ट भाजपा जिला अध्यक्ष, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के प्रतिनिधि गजेंद्र सलूजा, राजेश कुमार प्रांत प्रचारक आरएसएस, दिनेश गोयल प्रधान एसडी कॉलेज, धर्मवीर पाढ़ा, मनोज, राजेश, राजेश, मोना, सतीश डाहर प्रदेश अध्यक्ष ब्राह्मण समाज कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि बेबी शर्मा महंत किन्नर डेरा पानीपत व चेला नैना महंत, संत परशुराम जी आशीर्वाद देने कार्यक्रम में पहुंचेंगे। कार्यक्रम संयोजक दिनेश जून ने बताया कि कमेटी बना करके कार्यक्रम की तैयारी शुरू कर दी गई है। प्रचार प्रसार के जिम्मेवारी नरेंद्र गर्ग को सौंप दी गई है। आयोजकों ने सभी कला संस्कृति प्रेमियों को सॉन्ग महोत्सव में मीडिया के माध्यम से आमंत्रित किया है। इस अवसर पर पवन धीमान,मा. कँवर , कुलदीप रोहिल्ला,मांगेराम शास्त्री, रामलाल भाटिया कार्यक्रम सयोजन करेंगे।

पाइट में अद्वितीय नेशनल मैनेजमेंट फेस्ट सपनों के पीछे दौड़ना और जीतना सिखाया

■ स्पीक टू लीड में पाइट और मेमोरेबल हेड्स में गेटवे कॉलेज जीता

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

पानीपत। विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए अतिथिण। **फोटो :हरिभूमि**

आपको सपनों के पीछे न केवल दौड़ना है, बल्कि जीतना भी है। ये जरूरी नहीं कि जिसमें आपकी रूचि हो, उसी में सफलता मिलेगी। कई बार ऐसा होता है कि हमें गीत अच्छे लगते हैं। लेकिन हम खुद अच्छा गीत नहीं गा सकते यानी गायक नहीं बन सकते। ठीक वैसे ही करिअर में हमें ये सोचना होता है कि क्या हमें जिस क्षेत्र में रूचि है उसमें सफल भी हो सकते हैं या नहीं। जिस भी क्षेत्र में जाएं उसमें अपना सौ प्रतिशत दें। यह बात मोटीवेटर स्पीकर गौरव एवं जैन अमर हाउस ऑफ फैशन के कार्यकारी निदेशक अखिल जैन ने कही। अवसर था पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी में अद्वितीय नेशनल मैनेजमेंट फेस्ट का। बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ. रोहित गर्ग ने बताया कि स्पीक टू लीड में पाइट की सिद्धी प्रथम, हिंदू कॉलेज की आस्था कपूर द्वितीय एवं पाइट के एकलव्य तीसरे स्थान पर रहे। वाइस चेयरमैन राकेश तायल ने कहा कि इस तरह के फेस्ट से छात्र-छात्राओं को बाजार के बारे में पता चलता है।

चेयरमैन हरिओम तायल, सचिव सुरेश तायल, बोर्ड सदस्य शुभम तायल, निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, डीन डॉ.बीबी शर्मा, बीबीए विभाग के अध्यक्ष डॉ. रोहित गर्ग ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। डॉ.प्रीति दहिया, डॉ.मीना चौहान, डॉ.पारस बत्रा भी मौजूद रहे।

निफा दिव्यांग विंग ने लगाया रक्तदान शिविर

पानीपत। निफा दिव्यांग विंग टीम ने आज खटीक धर्मशाला में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि रिंकू वर्मा उपथित रहे। जिसमे 43 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। इस अवसर निफा दिव्यांग विंग पानीपत से यशपाल कादियान, हवासिंह, मोहित शर्मा, बिट्टू, मनीष, आकाश व आशीष आदि उपस्तिथ रहे। यशपाल कादियान ने कहा कि पिछले वर्ष हमारी संवेदना पहल के तहत हमने 1 लाख यूनिट रक्त संग्रह किया था। जबकि इस वर्ष हम संवेदना 2-0 के माध्यम से पूरे देश में 1.5 लाख यूनिट रक्त एकत्रित करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

भाजपा सरकार में हर वर्ग को मिल रहा है पूरा मान सम्मान

■ शाहपुर गांव में आयोजित सम्मान समारोह में पहुंचे पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

पानीपत। गांव शाहपुर में आयोजित समारोह में मंचासीन मंत्री कृष्ण लाल पंवार व विधायक देवेंद्र कादियान। **फोटो :हरिभूमि**

हरियाणा के विकास एवं पंचायत तथा खनन भूविज्ञान मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन की सरकार आमजन के हितों के लिए कार्य कर रही हैं। भाजपा की सरकार में हर वर्ग को मान सम्मान मिल रहा है। यही कारण है कि आज कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा पार्टी में ज्वाइनिंग की है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार इसराना विधानसभा के शाहपुर गांव में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए निरंतर विकास के कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास के मामलों में जो उन्नति और प्रगति की है,उसकी पहचान आज विश्वभर में दिखाई देती है। पिछले 10 वर्षों में केंद्र व राज्य सरकार ने बिना भेदभाव और सबका साथ सबका विकास की रणनीति अपनाते हुए हर वर्ग और क्षेत्र का विकास व कल्याण सुनिश्चित किया है।

कृष्ण पंवार ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विधानसभा में लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए बजट पेश किया है। यह बजट लोगों के लिए कारगर साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पहुंचे गन्नौर से विधायक देवेंद्र कादियान ने भी कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया।

पानीपत। बिहार दिवस पर ओपीडी फ्री करने पर डा .वेद प्रकाश को सम्मानित करते लोग। **फोटो :हरिभूमि**

आशीर्वाद हॉस्पिटल ने बिहार दिवस पर की फ्री ओपीडी

पानीपत। आशीर्वाद हॉस्पिटल के संचालक डा.वेद प्रकाश ने एक अच्छी पहल करते हुए आज अपना ओपीडी फ्री कर दिया। बता दें कि डा.वेद प्रकाश मूलतःबिहार के हैं और अपना हॉस्पिटल देवी मंदिर और सनौली रोड पर चलाते हैं। वहीं हर साल 22 मार्च बिहार दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसी को देखते हुए डा.वेद प्रकाश ने आज अपने दोनों हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों के लिए ओपीडी फ्री कर दिया। जिसका पता चलने पर काफी लोग हॉस्पिटल पहुंचे एक दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांट खुशी जाहिर की। इसी क्रम में पूर्वांचल समाज के लोग भी पहुंचे तथा बधाई दी। जिसमें पूर्वांचल मीडिया प्रभारी चंदन चौहान, उमा शंकर राय, रवि मिश्रा, निरंजन सिंह, महेश वर्मा, राम बालक कुशवाहा, रामबाबू झा, रंजीत मिश्रा, प्रफुल्ल झा व रवि शर्मा आदि शामिल रहे।

विद्यार्थियों को योग का महत्व बताया

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

पानीपत। एनएसएस शिविर में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के साथ अतिथिगण।

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज एनएसएस इकाई द्वारा यूथ फॉर मॉय भारत एवं यूथ फॉर डिजिटल लिटरेसी विषय पर चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत योग अभ्यास से हुई। शिविर में दूसरे दिन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी व मुख्य योग प्रशिक्षक अशोक अरोड़ा व प्रशिक्षिका सुमन ने विद्यार्थियों को योग एवं प्राणायाम के महत्तव बताए। कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विवेक गुप्ता व डॉ.मनीषा डुडेजा ने योग प्रशिक्षक अशोक अरोड़ा व सुमन का आभार जताया। वहीं पोस्टर मेकिंग और स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने कार्यक्रम अधिकारी प्रो.विवेक गुप्ता, डॉ.मनीषा डुडेजा व एनएसएस टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रकार के शिविर से विद्यार्थी न सिर्फ स्वयं जागरूक होते हैं अपितु समाज में अपनी सशक्त भूमिका निभाते हैं। हमें अपने जीवन में योगा को शामिल करना चाहिए क्योंकि कुछ मिनट प्राणायाम और व्यायाम कर हम पूरा दिन तरोताजा रह सकते हैं।

राजकीय स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने को शिक्षकों ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

इसराना में जिला शिक्षा अधिकारी राकेश बूरा द्वारा प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया गया। उनके साथ इसराना की खंड शिक्षा अधिकारी सुनीता कादियान, राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल इसराना के प्रिंसिपल अशोक सेन, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इसराना के प्रिंसिपल रोहतास, राजकीय मॉडल संस्कृति प्राइमरी स्कूल इसराना के इंचार्ज प्रवेश , अंग्रेज सिंह, रविंद्र, अशोक राठी, सुकरमपाल, सुधीर घनघस, मंजीत, संजय कुंडू, पंकज, सविता, वच्चन, विकास व एसएमसी कमेटी की प्रधान विजय लक्ष्मी व सभी सदस्यो ने गांव में घर-घर जाकर अभिभावकों को जागरूक किया व सरकारी स्कूल में अधिक से अधिक दाखिले के लिए प्रेरित किया। डीईओ राकेश बूरा द्वारा सभी स्कूल प्रिंसिपल और इंचार्ज की मीटिंग लेकर भी सभी को शिक्षा रथ के माध्यम से घर-घर जाकर अभिभावकों को सरकारी स्कूल में दाखिले के लिए प्रेरित करने के लिए कहा।

शिविर | आपका रक्तदान सेना के जवानों की बचायेगा जान : हरीश शौनक

सेना के लिए आयोजित शिविर में रक्तदान करने उमड़े रक्तदाता

■ सेना की टीम का 105 यूनिट का टार्गेट था जो 11 बजे ही पूरा हो गया

हरिभूमि न्यज ▶▶| पानीपत

श्याम रस सेवा समिति एवं कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन द्वारा भारतीय सेना के लिए एक रक्तदान शिविर का आयोजन आज श्री देवी मंदिर के प्रांगण में किया गया। मेरा खून देश के नाम शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। बता दें कि सेना की टीम का 105 यूनिट का टार्गेट था जो 11 बजे ही पूरा हो गया। उसके बाद भी रक्तदाताओं की लाइन लगी रही जिनसे विनम्रता के साथ क्षमा मांगते हुए सबसे प्रार्थना की कि अगली बार रक्तदान शिविर में रक्तदान करें। शिविर में मुख्य अतिथि हरीश शौनक ने सभी रक्तदान करने वाले नौजवानों का हौसला बढ़ाया। जबकि श्याम रस सेवा समिति और कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों का रक्तदान शिविर आयोजित करने पर धन्यवाद किया। कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन के प्रधान अशोक कैलाशी ने बताया ये उनकी समिति का 43वां रक्तदान शिविर है। वहीं दिल्ली सेना से आए हुए डॉक्टर ने बताया कि रक्त ले जाकर दिल्ली हॉस्पिटल में रक्त की पूर्ण जांच होती है उसके पश्चात देश में सेना के जवानों को जहां भी रक्त की आवश्यकता होती है वहां रक्त भिजवा दिया जाता है। उन्होंने कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन और श्याम रस सेवा समिति के सभी सदस्यों का रक्तदान शिविर के लिए धन्यवाद किया। जबकि श्याम रस सेवा समिति के प्रधान अमित राज गुप्ता ने सभी रक्त दाताओं का समिति के सभी सदस्यों का और विशेष रूप से कैलाशी सेवा समिति फाउंडेशन के प्रधान अशोक कैलाशी और कुलदीप गोयल का धन्यवाद किया।

पानीपत। शिविर में रक्तदान करते युवा । **फोटो :हरिभूमि**

पानीपत। रक्तदानियों को सम्मानित करते अतिथिगण व आयोजक। **फोटो :हरिभूमि**

शिविर में ये मौजूद रहे

शिविर में मुख्य रूप से मुकेश बंसल, संजय बंसल, गंगाराम मंगला, सुशील गोयल, सुशील मित्तल, राजकमल गर्ग, तरसेम सिंगला, संजय जैन, ईश्वर गोयल, सत्य नारायण, दिनेश बंसल, शीशपाल, संदीप गर्ग, जय भगवान, समीर बंसल, अमित , नरेश तायल, नरेंद्र गर्ग, संदीप तायल व कुलदीप गोयल आदि उपस्थित रहे।

पानीपत। विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्या डा .शशि प्रभा मलिक।

संगरीला कल्चरल फेस्ट में छात्राओं ने मारी बाजी

पानीपत। आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के डॉ.सीमा व डॉ.सुनीता ढांडा के निर्देशन में गीता यूनिवर्सिटी में आयोजित संगरीला कल्चरल फेस्ट में महाविद्यालय की छात्रा अनु ने नृत्य में द्वितीय, तनु ने मेहंदी में द्वितीय, दिशा ने नेल आर्ट में द्वितीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। वहीं आज कॉलेज परिसर में पहुंचने पर प्रबंधन समिति के महासचिव एलएन मिगलानी ने छात्राओं का आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए कामना की। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने छात्रों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा नृत्य, मेहंदी एवं नेल आर्ट जैसी प्रतियोगिता में भाग लेने के अनेकों फायदे हैं। विजेता छात्राओं को पुरस्कार के रूप में नगद राशि, स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. सीमा, डॉ. सुनीता ढांडा, डॉ.निधि, रेखा शर्मा, आकांशा शर्मा व जागृती आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

खेल नर्सरियों के लिए मांगे आवेदन

नारायणगढ़। एसडीएम शाश्वत सांगवान ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढावा देने के लिए विशेष कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि खेल नर्सरी योजना 2025-26 के अंतर्गत खेलों को बढावा देने के उद्देश्य से सरकारी, निजी शिक्षण संस्थाओं, पंचायत एवं निजी खेल संस्थानों से खेल नर्सरी स्थापित करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की योजना अनुसार केवल ओलंपिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेलों के लिए खेल नर्सरियां खोली जाएंगी। इच्छुक संस्थान खेल विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करें।

एक ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया

नारायणगढ़। जिला खनन अधिकारी गुरजीत सिंह द्वारा खनन निरीक्षक सोनू, खनन रक्षक शिव चरण के साथ गांव भरेड़ी खुर्द के साथ लगती नदी में रेते के अवैध खनन करते हुए एक ट्रैक्टर ट्रॉली को पकडक़र सीज की गई। जिला खनन अधिकारी गुरजीत सिंह ने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग की टीम निरंतर निरीक्षण की कार्रवाई कर रही है। अवैध खनन तथा अवैध परिवहन में संलिप्त लोगों एवं वाहनों पर भी कार्रवाई हो रही है।

योग साधना कार्यक्रम का आयोजन किया

नारायणगढ़। आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भारतीय योग संस्थान द्वारा एक दिवसीय योग साधना प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने योग के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। धीमान ने बताया कैसे हम योग के द्वारा इस भागदौड़ की जिंदगी में संतुलन स्थापित कर सकते है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से विश्व में योग को अपनाया गया है।

भविष्य के लिए जल संरक्षण जरूरी

नारायणगढ़। कार्यकारी अभियंता अनिल चौहान ने कहा कि भविष्य के लिए जल संरक्षण करना आज के समय की जरूरत है। उन्होंने कहा कि विश्व जल दिवस-2025 पर जल संरक्षणःसंकल्प भी, कर्तव्य भी समझे। उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे कदम उठाकर पानी को व्यर्थ बहने से बचाएं। जल है तो कल है कि भावना के साथ पानी का सदपयोग करें। विश्व जल दिवस के उपलक्ष में ग्राम संगरानी में जल चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीण महिलाओं को जल संरक्षण के लिए प्रेरित किया तथा दूषित जल से होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत कराया गया।

शहजादपुर में विश्व जल दिवस मनाया

शहजादपुर। विश्व जल दिवस के अवसर पर हरियाणा तालाब एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीडबल्यूडबल्यूएमए) ने जल संरक्षण और सतत तालाब प्रबंधन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए। गांव धमौली उपरली का एक दिवसीय क्षेत्रीय दौरा आयोजित किया। अध्यक्ष (पीएसी) के प्रधान सलाहकार प्रभाकर कुमार वर्मा के नेतृत्व में, एचपीडबल्यूडबल्यूएमए के पूरे स्टाफ ने स्थानीय ग्रामीणों के साथ एक संवादात्मक सर्वेक्षण में सक्रिय रूप से भाग लिया। टीम ने गांव के तालाब की स्थिति का आकलन करने के लिए स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की।

विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित

जींद। मोतीलाल नेहरू पब्लिक स्कूल के परिसर में शनिवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम दिवस समारोह का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ अपनी परीक्षा परिणाम जानने के लिए स्कूल पहुंचे। कार्यक्रम में जिला बाल कल्याण अधिकारी मलकित चहल ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों के नृत्य संगीत, नाटक, स्वागत भाषण सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। मुख्यअतिथि ने सभी विद्यार्थियों को शुभ कामनाएं देते हुए उनके अच्छे प्रदर्शन की सराहना की और उनसे उनके जीवन के लक्ष्य के विषय में वार्तालाप की।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

13 महीने से बंद पड़े प्लाजा पर वाहन चालकों से फिर शुरू हुई शुल्क वसूली

किसान आंदोलन की वजह से शंभू टोल प्लाजा पर 297 करोड़ का नुकसान, एनएचएआई ने किया आंकलन

हर रोज प्लाजा से मिलता है 74 लाख का राजस्व, सरकार को भेजी गई नुकसान की रिपोर्ट

- विभाग को हर दिन 74 लाख रुपये का नुकसान उठाना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

शंभू टोल प्लाजा का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

तेरह महीने बाद खुले शंभू बॉर्डर पर अब वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से सामान्य हो गई। किसान आंदोलन की वजह से बंद रहे शंभू टोल प्लाजा को भी करीब 300 करोड़ का नुकसान हुआ है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से हुए नुकसान का आंकलन किया गया है। इस नुकसान की भरपाई को लेकर अधिकारी अगली प्रक्रिया पर माथापच्ची कर रहे हैं। एनएचएआई के परियोजना अधिकारी गजेंद्र यादव ने बताया कि किसान आंदोलन की वजह से टोल प्लाजा पूरे 13 महीने बंद रहा। अभी तक उन्हें करीब 300 करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। उन्होंने बताया कि टोल के बंद होने से हर दिन 74 लाख रुपये का नुकसान विभाग को उठाना पड़ा है। अब शुक्रवार से टोल को नए सिरे से शुरू कर दिया है। बाकायदा वाहनों से वसूली भी शुरू हो गई है। अब विभागीय अधिकारी किसान आंदोलन की वजह से हुए नुकसान की भरपाई को लेकर काम कर रहे हैं। किसान आंदोलन शंभू समेत कई टोल प्लाजा बंद थे। इसके कारण प्लाजा का संचालन करने वाली एजेंसियों को भारी भरकम नुकसान हुआ है। दरअसल शंभू टोल बंद होने से यहां लगातार नुकसान हो रहा था। कुछ महीने पहले विभाग क ओर से सरकार को एक लेटर भी जारी किया गया था। तब विभाग ने टोल बंद होने से उन्हें 150 करोड़ रुपये नुकसान होने की बात कही थी। हालांकि उस पत्र पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की थी। अब यह यह घाटा 297 करोड़ रुपये से भी अधिक हो गया है। हरियाणा-पंजाब सीमा पर मौजूद शंभू टोल से एनएचएआई को अच्छा राजस्व मिलता है। एक आंकलन के अनुसार दिनभर में 74 लाख रुपये की वसूली होती है। त्यौहारी सीजन व अन्य मौकों पर राजस्व में बढ़ौतरी हो जाती है। शंभू टोल को संभाल रही एजेंसी का एनएचएआई से जुलाई 2024 तक का करार था। अब एनएचएआई ने स्काईलार्क कंपनी को टोल संचालन की जिम्मेदारी दी है।

कई रुटों पर बस सेवा शुरू

किसान आंदोलन की वजह से बंद पड़ी बस सेवा भी शुरू हो गई है। आंदोलन से पहले दोनों राज्यों में यात्रियों की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज की ओर से एक दर्जन रुटों पर बस सेवा चल रही थी। आंदोलन की वजह से तेरह महीने से रोडवेज की ओर से रूट बंद कर दिए गए थे। शंभू बॉर्डर पर यातायात बहाल होते ही शनिवार से रोडवेज की ओर से कुछेक रुटों पर बस सेवा को फिर से शुरू कर दिया है। जल्द ही दूसरी रुटों पर भी बस सेवा शुरू करने की बात कही जा रही है। उधर पंजाब की ओर से भी हरियाणा के सभी रुटों पर बस सेवा बहाल करने का निर्णय लिया गया है। शनिवार को कुछेक पंजाब की बसें अंबाला की सड़कों पर दौड़ती दिखाई दी।

नारायणगढ़। रक्तदाताओं से बातचीत करते पूर्व विधायक पवन सैनी। फोटो : हरिभूमि

शिविर में 102 युवाओं ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणगढ़

नेहरू युवा केंद्र अंबाला और जिला युवा शक्ति संगठन के संयुक्त तत्वावधान में राधाकृष्ण बाल आश्रम में शहीदी दिवस को समर्पित रक्तदान शिविर एवं चिकित्सा जांच केंद्र का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर व चिकित्सा जांच केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी द्वारा किया गया। सैनी ने शहीदों को नमन करते हुए कहा कि शहीदों की स्मृति में रक्तदान कैम्प जैसा पुण्य का कार्य करना एक सराहनीय कार्य है।

इस कैंप में एम केयर अस्पताल जीरकपुर की टीम ने रक्तदान शिविर मे 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर मे पिंकी लालपुर, सुनीता नेकनवां, परमजीत बड़ी रसौर सहित 10 अन्य महिलाओं ने रक्तदान किया। इस कार्यक्रम में जिला युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष बलजिंदर सिंह ने 39 वीं बार रक्तदान किया। संगठन के महासचिव सोहन लाल झीडीवाला ने विशेष योगदान दिया। शिविर में राकेश बिंदल, अधीक्षक राजिंदर सिंह रावत, भूपेंद्र सिंह कपूर, शुभम शर्मा, इंद्रजीत सिंह, मीनाक्षी सैनी, शीला, अरुण कुमार, जसविंद्र, महेश, राजेश, प्रवीण, किरण बाला, राकेश धीमान, मोहन सिंह दुधला, रिंकू भरेड़ी भी उपस्थित रहे।

वार्षिक उत्सव में छात्रों ने जमकर मचाया धमाल

- पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल उगाला में आयोजित हुआ भव्य कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

बराड़ा। कार्यक्रम में छात्रों के साथ मौजूद मुख्यअतिथि व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उगाला में शनिवार को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला परियोजना संयोजक एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने शिरकत की। खंड संसाधन संयोजक मोनिका और सहायक परियोजना संयोजक सूर्यकांत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विद्यालय में पहली बार आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेलों में भाग लेते हुए बच्चे खासे उत्साहित नजर आए। मुख्य अतिथि सुधीर कालड़ा ने विद्यालय में नवनिर्मित संसाधन कक्ष का उद्घाटन भी किया। कार्यक्रम के अंत में शैक्षिक, सांस्कृतिक, गणित प्रतियोगिता, लीगल लिटरेसी, रोड सेफ्टी और खेलकूद में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को गोल्ड, सिल्वर और कांस्य मेडल से नवाजा गया। प्रधानाचार्य जगदीश मेहरा ने मुख्य अतिथि सुधीर कालड़ा और मोनिका को स्मृति चिह्न भेंट कर अभिनंदन किया।

ब्रह्माकुमारी की ओर से आयोजित हुआ कार्यक्रम

जो दुआएं कमाते हैं वह क्षमता से ज्यादा धन कमाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। समारोह में मौजूद बीके बहनें व लोग। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित ब्रह्माकुमारीज़ शांतिधाम की ओर से शनिवार को पालम विहार में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने यहां अपने संबोधन में कहा कि हमें सदा अपने व्यवहारिक जीवन में दूसरों के प्रति दिल से धन्यवाद का भाव रखना है। शुक्रिया उनका जो हमें सम्मान देते हैं लेकिन जो हमसे सही व्यवहार नहीं करते- उनका भी बहुत-बहुत शुक्रिया। वो न होते तो हम झुकते नहीं हम झुकते नहीं तो हमारा अहंकार घटता नहीं। कोई हमारा अपमान करता है या हमारे साथ ग़लत व्यवहार करता है वो उनके संस्कार दर्शाता है, हमारे नहीं, वह इस समय बीमार है, दर्द में हैं। हम सारा जीवन धन कमाने की मेहनत करते हैं। धन हमें सामान देता है। अगर सामान के साथ, सम्मान भी कमाना है खुशी, सेहत और प्यारे रिश्ते भी बनाने हैं तो धन से ज़्यादा दुआएं कमानी होंगी। जो धन कमाते हैं वह जरूरी नहीं दुआएं कमाते हों। जो दुआएं कमाते हैं वह क्षमता से ज्यादा धन कमाएंगे।

85 सालों से सहमति से हो रहा चुनाव

दोबारा होगा अंबाला सैनी सर्कल सभा का गठन, 6 को अहम बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- प्रधान सतीश सैनी ने की समाज के लोगों से अपनी सहमति देने की अपील

अंबाला सैनी सर्कल सभा की जिला कार्यकारिणी का दोबारा गठन करने के लिए आगामी 6 अप्रैल को अंबाला शहर सैनी भवन में सैनी समाज की एक विशेष बैठक बुलाई गई। इस मौके पर सभा के प्रधान सतीश सैनी व सचिव सर्वजीत सैनी ने बताया कि वर्ष 1940 में अंबाला सैनी सर्कल सभा का गठन किया गया था। करीब 85 वर्षों में सैनी सभा की एक विशेषता यह भी रही है कि अब तक सभा की कार्यकारिणी का चयन करने के लिए कोई चुनाव नहीं किया गया। समाज के सभी लोगों की सहमति से ही कार्यकारिणी का चयन किया जाता है। इसी परंपरा को जारी रखते हुए इस बार भी आगामी 6 अप्रैल को सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित की जाएगी। प्रधान सतीश सैनी ने कहा कि सैनी ने लोगों से अपील की कि 6 अप्रैल को अपनी सहमति प्रदान जरूर करें।

एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक निर्माण के लिए 12 लाख देने पर एसोसिएशनों ने जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। परिवहन मंत्री अनिल विज से मुलाकात करते एसोसिएशन के पदाधिकारी व फुटबॉल प्रेमी। फोटो : हरिभूमि

परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज द्वारा वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम के समक्ष फुटबॉल के दादा कहे जाने वाले "एसडी चटर्जी फुटबॉल चौक" के लिए अपने स्वैच्छिक कोष से 12 लाख रुपये जारी करने पर एसडी चटर्जी के परिवार सदस्यों और फुटबॉल एसोसिएशनों ने आज उनका धन्यवाद जताया। अंबाला छावनी में फुटबाल को बढ़ावा देने के लिए एसोसिएशन सदस्यों ने नारे भी लगाए। शनिवार सुबह सदर बाजार में मंत्री अनिल विज के टी-प्वाइंट पर डिस्ट्रिक फुटबाल एसोसिएशन के पदाधिकारी संजीव वालिया, बीएस बिंद्रा, अरविंद शर्मा, रवि कुमार, इंद्रजीत सिंह वालिया, शेर सिंह व अन्य सदस्यों ने मंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका धन्यवाद जताया।

बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला बार एसोसिएशन के सदस्य एडवोकेट घनश्याम गोयल ने बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुविधाओं की मांग करते हुए रेल मंत्री अश्विन वैष्णव को पत्र लिखा है। साथ ही डीसी मोहम्मद इमरान रजा को भी पत्र भेज कर अधिकारियों के संज्ञान में मामला लाया गया है।

एडवोकेट घनश्याम गोयल ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन सैकड़ों यात्री ट्रेन पकड़ते हैं। इनके लिए सुविधाएं नहीं हैं। यहां ऑटो व अन्य वाहनों की पहुंच सुगम होनी चाहिए। इससे आसपास के शहरी क्षेत्र से भी लोग मुख्य जंक्शन की बजाय यात्री बिश्नपुरा रेलवे स्टेशन से ही ट्रेन पकड़ सकते हैं। इससे रेलवे को भी लाभ होगा। स्टेशन रेलवे फाटक के पास सड़क बनी हुई है। यह उबड़ खबड़ है। इसको ठीक किया जाए। इससे यहां यात्री चल नही पाते हैं। यदि कोई यात्री को बाइक पर छोडऩे आता है तो यहां गिरने का डर रहता है। सड़क के साथ में गहरी खाई बनी हुई है। इससे अंधेरे में हादसा हो सकता है। सड़क के साथ ही कंटीली झाड़ियां भी उगी हुई हैं।

मेयर शैलजा सचदेवा ने छात्रों को किया सम्मानित

नन्हे विद्यार्थियों ने जमाया रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते नन्हे छात्र। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के एसए जैन विजय वल्लभ पब्लिक स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान संदीप जैन , उपाध्यक्ष पुनीत जैन , मैनेजर आशीष जैन, सेक्रेटरी रविकांत जैन , अंशुल जैन, हितेश जैन और पीयूष जैन शामिल हुए। इस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर मेयर शैलजा सचदेवा ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया। विद्यालय प्रबंधन समिति द्वारा संदीप सचदेवा का भी गरिमामय स्वागत किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप माला पहनाई गई और पारंपरिक पगड़ी अर्पित की गई। इसी के साथ, हमारे बीच उपस्थित सम्माननीय अतिथि पारुल सभरवाल, रजनीश गुप्ता, मोहित आहलूवालिया, पवन चुग और डॉक्टर राजेश लूथरा का भी हार्दिक स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। विद्यालय के नन्हे विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। छोटे छोटे बच्चों ने आयो रे शुभ दिन आयो पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान एक प्रस्तुति के माध्यम से अभिभावकों को संदेश दिया कि वे अपने बच्चों के साथ अधिक समय व्यतीत करें।

जीएमएन कॉलेज में विश्व जल दिवस समारोह मनाया

पानी के महत्व व सरंक्षण को लेकर छात्रों को किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला। जल दिवस पर पानी की महता पर प्रकाश डालते हुए राहुल कुमार व अन्य।

अंबाला छावनी के जीएमएन कॉलेज में एसडीजी और इको क्लब ने विश्व जल दिवस समारोह मनाया। इसमें एनागिक कैंगन वॉटर वितरक राहुल कुमार का सहयोग था। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व और स्वस्थ पेय पद्धतियों को बढ़ावा देने के बारे में जागरूकता फैलाना था। समारोह में दीपक सैनी ने कैंगन जल के महत्व पर प्रकाश डाला, जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है और इसके कई स्वास्थ्य लाभ हैं। यह शरीर में एसिडिटी को न्यूट्रलाइज़ करने में मदद करता है, पाचन में सुधार करता है। कॉलेज के छात्र और संकाय सदस्यों ने जागरूकता अभियान में भाग लिया।

आस्था भव्य तरीके से सजाया गया मंदिर, दंगल में पहलवान भी दिखाएंगे दम

मेले की सभी तैयारियां पूरी, कमेटी की ओर से मंदिर पर भव्य सजावट की गई

मुलाना के भगवती माता बाला सुंदरी मंदिर में पावन नवरात्रों पर 30 से शुरू होगा मेला

हरभूमि न्यूज ⏭ मुलाना

मुलाना। माता का पिंडी स्वरूप व मंदिर कमेटी के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष में मां भगवती के पावन नवरात्रों पर लगने वाला प्रसिद्ध मेला मां भगवती माता बाला सुंदरी मंदिर के प्रांगण में प्रथम पावन नवरात्रि 30 मार्च से आरंभ होगा । इसके लिए मंदिर कमेटी ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं । मंदिर पर भव्य सजावट की गई है। इस मंदिर की मान्यता केवल कस्बे में ही नहीं बल्कि दूर दराज के राज्यों तक हैं । मंदिर कमेटी के सचिव अशोक राणा ने बताया कि वर्ष में दोनों नवरात्रों पर मंदिर में भव्य मेले का आयोजन किया जाता हैं। हजारों की संख्या में श्रद्धालु पंहुचकर माता बाला सुंदरी के समक्ष शिश नवाकर अपनी मन मांगी मुराद पूरी करते हैं। उन्होंने बताया कि इस बार पावन नवरात्र मेला 30 मार्च से आरंभ होकर 12 अप्रैल हनुमान जयंती तक जारी रहेगा । इस दौरान 4 अप्रैल को सप्तमी वाले दिन मंदिर प्रांगण में हर साल की तरह हवन यज्ञ होगा । 5 अप्रैल को रामायण पाठ का शुभारंभ होगा। 6 अप्रैल को राम नवमी के पावन अवसर पर रामायण पाठ संपन्न होगा। मां भगवती के जागरण का आयोजन 10 अप्रैल को किया जाएगा। इसमें उत्तर भारत की प्रसिद्ध भजन गायिका प्रियंका चौधरी भजनों से मंत्रमुग्ध करेंगी । 11 अप्रैल को कुश्तियों का आयोजन होगा। शसभी सुविधाओं का इंतजाम किया गया है ।

वर्षों पुराना मंदिर का इतिहास

राजस्थानी भाटों के अनुसार माता बाला सुंदरी मंदिर मुलाना में सन1426 में माता की पिंडी स्थापित की गई थी । माता ने 1425 में यहां के सोराज सिंह को सपने में कन्या रूप में दर्शन देकर मंदिर बनाने को कहा था । सोराज सिंह ने 1426 में माता बाला सुंदरी की पिंडी को मंदिर बनाकर स्थापित किया ।